बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
★ ~~सुरेश कुमार शर्मा~~
मो० 8470003023 /9431479774

महासचिव,
★ सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :– ★ ~~सआदत हसन मिन्टू~~
★ राजेन्द्र राम- 9431073211

संयुक्त सचिवः – ★ राजयनन्द वार्डियार
★ अनिल कुमार

कोषाध्यक्षः – ★ चन्द्र शेखर सिंह

संयुक्त कोषाध्यक्षः – ★ विनोद आनन्द

पत्रांक : 11 दिनांक 29-2-2016

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री,
बिहार, सरकार।

विषय :– **प्रोन्नति अवरूद्ध होने के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषयक ज्ञातव्य है कि दिनांक–12.08.2014 से बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग के साथ–साथ अन्य सभी संवर्ग की प्रोन्नति अवरूद्ध है।

अगस्त, 2014 से जनवरी, 2016 तक बिहार प्रशासनिक सेवा के 70 पदाधिकारी सेवा निवृत हो चुके है, जिसमें सामान्य जाति–36 अनु0 जाति–13, पिछड़ा/अतिपिछड़ा–12 एवं अल्पसंख्यक–9 पदाधिकारी है। इनमें से कई पदाधिकारी जिन्हे प्रोन्नति देय था, वगैर प्रोन्नति पाये सेवा निवृत हो चुके है। प्रोन्नति पर रोक होने से अनु0 जाति/जनजाति के साथ–साथ अन्य सभी वर्गो के पदाधिकारी को प्रोन्नति से बंचित होना पड़ रहा है।

अतः संघ का भवदीय से विनम्र निवेदन है कि प्रोन्नति देने का मार्ग प्रशस्त करने की महत्ती कृपा की जाय।

2. बिहार प्रशासनिक सेवा सर्वग के मूल कोटि के कई बैच के पदाधिकारी की सेवा अवधि इस प्रकार हैः–

सुशील

क्र0सं0	बैच	नियुक्ति का वर्ष	सेवा अवधी
1	36वीं (शेष 20 पदाधिकारी)	1992	24 वर्ष
2	37वीं	1993	23 वर्ष
3	38वीं	1995	21 वर्ष
4	39 वीं	1996	20 वर्ष
5	40 वीं	1997	19 वर्ष
6	41 वीं	1999	17 वर्ष
7	42 वीं	2000	16 वर्ष

24 वर्ष से 16 वर्ष तक सेवा पूरी करने के वावजूद भी इन्हें एक भी प्रोन्नति नहीं हुई है, जबकि इनमें से कई पदाधिकारी एक भी प्रोन्नति पाये वगैर ही सेवा निवृत भी हो चुके है। दिनांक 21.02.2016 को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पदाधिकारियों द्वारा काफी रोष प्रकट किया गया। इसका समाधान यह है कि प्रोन्नति वाले पदों की संख्या में वृद्धि की जाय ताकि गत्यावरोध समाप्त हो सके।

संघ का भवदीय से विनम्र अनुरोध है कि इस संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग को देने की महती कृपा की जाय।

(सुशील कुमार)
महासचिव

(राजेन्द्र राम)
अध्यक्ष